*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती

बस्ती 14 मई 2024 मंगलवार

## सम्पादकीय

# दहेज प्रथा और झूठे मुकदमें

सदियों से प्रचलित दहेज प्रथा कानूनन निषेध होने के बावजूद आज भी देश के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है, वहीं दहेज निषेध अधिनियम का दुरुपयोग एक अन्य चिंताजनक मुद्दा बनकर उभरने लगा है। एक तरफ वे लोग हैं जो वैवाहिक बंधन के नाम पर सरेआम सौदेबाजी करने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ते, तो दूसरी ओर समाज में एक ऐसा स्वार्थी वर्ग पनप रहा है, जो कानून का दुरुपयोग करने में तनिक भी नहीं हिचकिचाता। गत माह ही एक महिला पुलिस अधिकारी ने पति के विरुद्ध एक राज्य से दूसरे राज्य में दहेज उत्पीडन का झूठा मुकद्दमा दर्ज कराया। इस प्रवृत्ति पर कड़ाईपूर्वक संज्ञान लेते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने महिला पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया, जिसमें से अढ़ाई लाख रुपए बतौर हर्जाना पति को देने का निर्देश दिया। जनवरी माह के दौरान, पंजाब के कपूरथला में पुलिस ने ससुराल पक्ष को दहेज के झूठे मामले में फंसाने पर लड़की के पिता को पकड़ा। मां–बेटी सहित चार पर केस दर्ज किया गया।

झूठे मुकद्दमों की अनवरत बढ़ती संख्या पर गहन चिंता प्रकटाते हुए हाल ही में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85 तथा 86 (पूर्व धारा 498–ए) में आवश्यक बदलाव लाने पर विचार करने को कहा, चूंकि बहुतेरी शिकायतें घटना के अतिरंजित बयानों से युक्त होती हैं। उक्त टिप्पणी एक महिला द्वारा अपने पति के विरुद्घ दायर झूठे दहेज उत्पीडन मामले को रद्द करते समय की गई। महिला द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पति एवं उसके पारिवारिक सदस्यों ने कथित तौर पर दहेज की मांग की तथा उसे मानसिक व शारीरिक आघात पहुंचाया। पीठ के मुताबिक, एफ. आई.आर. तथा आरोप पत्र पढने पर महिला द्वारा लगाए गए आरोप काफी अस्पष्ट, सामान्य तथा व्यापक लगे, जिनमें आपराधिक आचरण का कोई उदाहरण नहीं दिया गया था। दरअसल, दहेज उन्मूलन कानून का दुष्प्रयोग विगत कुछ वर्षों से विद्रूपतम स्तर पर जा पहुंचा है। ऐसे मामले भी देखने में आए, जहां संपत्ति विवाद अथवा अन्य पारिवारिक कारणों के चलते ससुराल पक्ष से संबद्ध किसी व्यक्ति पर दुष्कर्म के मिथ्यारोप जड़ दिए गए। विगत वर्ष दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महिला द्वारा ससुराल पक्ष पर लगाए गए झूठे दहेज उत्पीडन एवं दुष्कर्म आरोपों को 'घोर क्रूरता' बताते हुए अक्षम्य करार दिया था।

निश्चय ही, दहेज प्रथा समूचे समाज के लिए अभिशाप है। इसके कारण अनेक बेटियों को मानसिक, शारीरिक अथवा सामाजिक उत्पीडन का सामना करना पड़ता है। आई.पी.सी.–1860 के सामान्य प्रावधान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही सन् 1983 को इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 498–ए जोड़ी गई, जिसे धारा 85–86 के तहत अधिक विस्तृत बनाने का प्रयास किया गया। भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85 के अंतर्गत, किसी महिला के पति अथवा पति के संबंधी द्वारा महिला के प्रति क्रूरता बरतने पर तीन वर्ष की कैद की सजा तथा जुर्माना लगाने का प्रावधान है। धारा 86 में क्रूरता को परिभाषित किया गया है, जिसमें महिला का मानसिक–शारीरिक उत्पीडन, दोनों शामिल हैं।

कानून दुरुपयोग के संदर्भ में न्यायिक संस्थानों की चिंता कतई निराधार नहीं, वर पक्ष के लिए यह गले की फांस बन सकता है। कानपुर से संबद्घ एक झूठे दहेज हत्या मुकद्दमे में विवेचक की लापरवाही के चलते पति व सास–ससुर के विरुद्घ चार्जशीट कोर्ट भेज दी गई। विवेचना संबंधी खामियां उजागर होने पर अपर जिला जज ने पति व सास–ससुर को दोषमुक्त करार दिया। फैसला आने तक पति 2 वर्ष का कारावास काट चुका है। मुकद्दमेबाजी से लेकर बरी होने तक की कानूनी प्रक्रिया के दौरान न केवल पूरे परिवार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है, अपितु शारीरिक–मानसिक स्थिति के साथ सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कथित तौर पर, पत्नी द्वारा दहेज उत्पीडन मुकद्दमा दर्ज करवाने पर गत वर्ष राजधानी के नाका हिंडोला निवासी 45 वर्षीय राजेश जायसवाल ने मानसिक दबाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। बाराबंकी के विकास ने भी आई.पी.सी. की धारा 498–ए का मुकद्दमा लिखे जाने तथा ससुरालजनों द्वारा प्रताडिघ्त किए जाने पर मौत को गले लगा लिया।

संवेदनात्मक स्तर पर आहत व्यक्ति आत्मघात की ओर उन्मुख होने लगे तो समूचे समाज व व्यवस्था के लिए एक विचारणीय प्रश्न बन जाता है। किसी भी प्रकार का संत्रास झेलना यद्यपि सरल नहीं, तथापि विषम परिस्थितियों से हारकर जीवन का अंत करना क्या उचित है? कदापि नहीं, दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना ही पड़े तो पत्नी द्वारा झूठे केस में फंसाने संबंधी दी गई धमकी को चौटिंग, ऑडियो रिकॉर्डिंग अथवा मैसेज आदि के रूप में सुरक्षित रखना मतिपूर्ण होगा। ठोस प्रमाण होने के नाते ये त्वरित जमानत दिलाने में सहाई बन सकते हैं। पत्नी द्वारा दहेज मामले में फंसाने की धमकी देकर घर छोडने पर वैवाहिक अधिकारों की प्रतिस्थापन धारा–9 के तहत, उसे अपने पास बुलाने हेतु न्यायालय में याचिका दाखिल की जा सकती है। पति के पक्ष में यह पुख्ता सबूत होगा कि पत्नी अपनी इच्छानुसार घर छोड़कर गई है। निःसंदेह, महिलाओं का सम्मान–सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दहेज उन्मूलन कानून का कठोरतापूर्वक लागू होना अत्यावश्यक है, किंतु निहित स्वार्थवश अथवा विद्वेष के चलते कानूनी प्रावधान को प्रहार के रूप में प्रयुक्त करना पूर्णतरू अनैतिक है। कानून का ध्येय यदि अपराधियों को दंडित करना है तो निर्दोषों का सम्मान बरकरार रखना भी उसके दायित्व के अंतर्गत आता है। कानून किसी अपराधी को समुचित दंड न दे पाए अथवा कानून की आड़ में किसी निरपराध को दंड भोगना पड़े, दोनों ही स्थितियां सामाजिक विकास में बाधक हैं। कानून की धारा, जिसका इस्तेमाल एक वर्ग की रक्षार्थ किया जाना हो, यदि हथियार बनकर दूसरे वर्ग पर वार करने लगे, तो ऐसे में समग्र सामाजिक उत्थान की संकल्पना भला कैसे संभव है?

# मुसलमानों के आरक्षण पर गरमाई राजनीति

**–अभिनव आकाश–**



आरक्षण एक ऐसा शब्द जिसकी स्थापना हमारे समाज में समानता को स्थापित करने के प्रयास के लिहाज से की गई थी। जिसके माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाया जाए ऐसी कोशिश की गई। लेकिन जब इसी शब्द का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए होता है तो ये अपने मूल्य उद्देश्यों को अपनी मूल भावना को खो देता है और यही से विवाद का भी जन्म होता है। जातीय व्यवस्था ऊपर से जितनी सरल दिखाई देती है अंदर से ये व्यवस्था उतनी ही ज्यादा जटिल है। जब पूरी व्यवस्था में धर्म का आयाम जुड़ जाता है तो पूरी व्यवस्था और ज्यादा जटिल हो जाती है। चुनाव के माहौल में मुस्लिम आरक्षण को लेकर एक विवाद का जन्म हुआ है। ऐसे में आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण का मामला फिर से सुर्खियों में आया है। भारत आरक्षण के इर्द–गिर्द बुनियादी संवैधानिक सवालों पर बहस कर रहा है। क्या भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म आधारित आरक्षण हो सकता है? क्या कभी मुसलमानों को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कोटा कम करके आरक्षण दिया गया है? क्या अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण जो केवल कुछ धार्मिक संप्रदायों तक सीमित है, धर्म के आधार पर आरक्षण के बराबर है?

एक लंबी चर्चा के बाद, यह निर्णय लिया गया कि धर्म के आधार पर आरक्षण समाज के लिए हानिकारक होगा। ई पी रॉयप्पा बनाम तमिलनाडु राज्य, 1973 में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि समानता कई पहलुओं और आयामों के साथ एक गतिशील अवधारणा है और इसे पारंपरिक और सैद्धांतिक सीमाओं के भीतर कैद और सीमित नहीं किया जा सकता है। वास्तविक समानता का संबंध परिणामों की समानता से है। सकारात्मक कार्रवाई वास्तविक समानता के इस विचार को बढ़ावा देती है। 1949 के संविधान ने प्रारूप संविधान के अनुच्छेद 296 (वर्तमान संविधान के अनुच्छेद 335) से श्अल्पसंख्यकश् शब्द को हटा दिया, लेकिन अनुच्छेद 16(4) को इसमें शामिल कर दिया, जो राज्य को किसी के भी पक्ष में आरक्षण के लिए कोई भी प्रावधान करने में सक्षम बनाता है। अनुच्छेद 15 विशेष रूप से राज्य को केवल धर्म और जाति (लिंग, नस्ल और जन्म स्थान के साथ) दोनों के आधार पर नागरिकों के खिलाफ भेदभाव करने से रोकता है। केरल राज्य बनाम एन एम थॉमस (1975) में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, आरक्षण को अनुच्छेद 15(1) और 16(1) के समानता गैर–भेदभाव खंड का अपवाद नहीं माना जाता है, बल्कि समानता के विस्तार के रूप में माना जाता है।

धर्म–आधारित आरक्षण पहली बार 1936 में त्रावणकोर–कोचीन राज्य में लागू किया गया था। 1952 में इसे सांप्रदायिक आरक्षण से बदल दिया गया। मुस्लिम, जिनकी आबादी 22: थी, ओबीसी में शामिल थे। 1956 में केरल राज्य के गठन के बाद, सभी मुसलमानों को आठ उप–कोटा श्रेणियों में से एक में शामिल किया गया था और ओबीसी कोटा के भीतर 10: (अब 12:) का एक उप–कोटा बनाया गया था। मंडल आयोग की दोषपूर्ण रिपोर्ट के विपरीत, जिसमें हिंदुओं की तर्ज पर निष्कर्ष निकाला गया था कि केरल और कर्नाटक में केवल 52: मुस्लिम ओबीसी थे।

जस्टिस ओ चिन्नप्पा रेड्डी (1990) की अध्यक्षता में कर्नाटक के तीसरे पिछड़ा वर्ग आयोग ने हवानूर (1975) और वेंकटस्वामी (1983) आयोग की तरह पाया कि मुसलमानों ने पिछड़े वर्गों में शामिल होने की आवश्यकताओं को पूरा किया। 1995 में मुख्यमंत्री एच डी देवेगौड़ा की सरकार ने ओबीसीकोटा के भीतर 4: मुस्लिम आरक्षण लागू किया। ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल छत्तीस मुस्लिम जातियों को कोटा में शामिल किया गया था। देवेगौड़ा की जद (एस) ने 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले मुस्लिम कोटा खत्म करने के बसवराज बोम्मई सरकार के फैसले की आलोचना की थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने बोम्मई सरकार के फैसले पर रोक लगा दी।

एम करुणानिधि की सरकार ने 2007 में जे ए अंबाशंकर (1985) की अध्यक्षता वाले दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों के आधार पर एक कानून पारित किया, जिसमें 30: ओबीसी कोटा के भीतर, 3.5: आरक्षण के साथ मुसलमानों की एक उप–श्रेणी प्रदान की गई। इसमें ऊंची जाति के मुसलमान शामिल नहीं थे। इस अधिनियम में कुछ ईसाई जातियों को आरक्षण दिया गया था, लेकिन बाद में ईसाइयों की ही मांग पर इस प्रावधान को हटा दिया गया।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना– 112 अन्य समुदायों/जातियों के साथ मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रश्न 1994 में आंध्र प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग को भेजा गया था। 2004 में मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन पर अल्पसंख्यक कल्याण आयुक्त की एक रिपोर्ट के आधार पर, सरकार ने पूरे समुदाय को पिछड़ा मानते हुए 5: आरक्षण प्रदान किया। उच्च न्यायालय ने तकनीकी आधार पर कोटा रद्द कर दिया कि पिछड़ा वर्ग के लिए एपी आयोग के साथ अनिवार्य परामर्श नहीं किया गया था। यह भी माना गया कि अल्पसंख्यक कल्याण रिपोर्ट कानून की दृष्टि से खराब थी क्योंकि इसमें पिछड़ेपन का निर्धारण करने के लिए कोई मानदंड नहीं रखा गया था। हालाँकि, अदालत ने माना कि ष्मुसलमानों या उनके वर्गोंध्समूहों के लिए आरक्षण, किसी भी तरह से धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ नहीं है। एम आर बालाजी बनाम मैसूर राज्य (1962) पर भरोसा करते हुए अदालत ने कहा कि मुसलमानों या उस मामले के लिए ईसाई और सिख आदि को अनुच्छेद 15(4) या 16(4) के तहत लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से बाहर नहीं रखा गया है। एम आर बालाजी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहारू यह संभावना नहीं है कि कुछ राज्यों में समूह बनाने वाले कुछ मुस्लिम या ईसाई या जैन सामाजिक रूप से पिछड़े हो सकते हैं। .यद्यपि हिंदुओं के संबंध में जातियाँ नागरिकों के समूहों या वर्गों के सामाजिक पिछड़ेपन का निर्धारण करने में विचार करने के लिए एक प्रासंगिक कारक हो सकती हैं, लेकिन इसे उस संबंध में एकमात्र या प्रमुख परीक्षण नहीं बनाया जा सकता है।

न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर समिति (2006) ने पाया कि समग्र रूप से मुस्लिम समुदाय लगभग एससी और एसटी जितना ही पिछड़ा है और गैर–मुस्लिम ओबीसी की तुलना में अधिक पिछड़ा है। न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा समिति (2007) ने अल्पसंख्यकों के लिए 15: आरक्षण का सुझाव दिया, जिसमें मुसलमानों के लिए 10: आरक्षण शामिल था। इन दो रिपोर्टों के आधार पर यूपीए सरकार ने 2012 में एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जिसमें 27: के मौजूदा ओबीसी कोटा के भीतर अल्पसंख्यकों को 4.5: आरक्षण प्रदान किया गया। चूंकि यह आदेश यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले ही जारी किया गया था, इसलिए चुनाव आयोग ने सरकार से इसे लागू नहीं करने को कहा। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने आदेश को रद्द कर दिया। वहीं ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

# समाज से असमानता दूर करने की चुनौती

**–मंगत राम पासला–**

वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का लक्ष्य हासिल करना, अर्थात बराबरी के उसूलों पर आधारित ऐसे समाज का निर्माण करना जिसमें असमान बांट का खात्मा करके समाज द्वारा की गई कुल पैदावार की मलकीयत सारे समाज की हो, काफी मुश्किलों भरा, लम्बा तथा टेढ़ा–मेढ़ा रास्ता है। अतीत में मानवीय इतिहास के विभिन्न पड़ावों के जब भी किसी सामाजिक क्रांति का उदय हुआ, तब हार जाने के बावजूद लुटेरे वर्गों ने हर बार नया नकाब पहन कर सत्ता पर पुनरू कब्जा कर लिया। परिणामस्वरूप लूटे गए वर्ग भारी कुर्बानियों के बावजूद सत्ता से वंचित तथा साधन विहीन ही बने रहे तथा नए दौर की नई गुलामी में प्रवेश कर गए।

मगर महान विज्ञानी, दार्शनिक तथा इंकलाबी कार्ल मार्क्स ने पूंजीवादी दौर में इस प्रक्रिया का भेद खोलते हुए घोषणा कर दी कि पूंजीवाद की समाप्ति के बाद मुख्य पैदावारी शक्ति अर्थात मजदूर वर्ग, मजूदरों–किसानों की एकता बनाकर एक नई किस्म का सामाजिक बदलाव लाएगी, जहां सत्ता तथा मजदूर वर्ग का कब्जा होगा। इसी को ही सांझीवालता वाला समाज (समाजवाद) कहा जाता है, जहां मनुष्य के हाथों ही मनुष्य की लूट–खसूट का खात्मा करके पैदावारी शक्तियों के पास विकास के विशाल अवसर उपलब्ध होंगे। पूंजीवादी व्यवस्था का खात्मा करने के लिए मजदूर वर्ग तथा दूसरे सहयोगियों ने मुख्य रूप से आर्थिक तथा राजनीतिक संघर्षों को अपना मूल आधार बनाया।



**जातिवादी व्यवस्था में केवल तथाकथित ऊंची जातियों से संबंधित लोगों की मानसिकता ही पीड़ितों (कथित नीची जातियों के लोग) का उत्पीडन नहीं करती बल्कि यह इस सामाजिक बुराई के शिकार लोगों में भी जात–पात आधारित विभाजन को और भी गहरा करती है। एक पिछड़ी तथा अछूत समझी जाती जाति के लोग उसी उत्पीडन का शिकार किसी दूसरी जाति के अपने ही भाइयों से दुश्मनी भरा व्यवहार धारण कर लेते हैं। इसलिए आरक्षण के मुद्दे पर विभिन्न पीड़ित जातियों के लोगों में अनेकों वाद–विवाद तथा मतभेद खड़े हो जाते हैं। यह भी याद रखने योग्य है कि जातिवादी सोच, कथित नीची तथा अछूत समझी जाती जातियों के मेहनतकश लोगों के उच्च जातियों से संबंधित मजदूरों के प्रति जमाती मित्रता वाला व्यवहार अपनाने के रास्ते में रुकावट बन जाती है तथा समस्त मजदूर वर्ग के असली गुनाहगार इस विभाजन का पूरा–पूरा लाभ लेकर अपने हितों को बढ़ावा देना जारी रखते हैं।**

मगर भारत में पूंजीवादी तथा जागीरी लूट–खसूट वाले मौजूदा शासन प्रबंध को जड़ से उखाड़ कर सामाजिक बदलाव के माध्यम से नया ढांचा (समाजवाद) खड़ा करने के लिए आर्थिक तथा राजनीतिक संघर्षों के साथ–साथ कुछ अन्य कारकों को भी ध्यान में रखना होगा। क्योंकि यहां सामाजिक बदलाव के लिए जूझ रही शक्तियों को कमजोर करने तथा मजदूर लोगों को गुमराह करके अपने पीछे लामबंद करने के पूंजीवादी तथा जागीरी लुटेरू वर्गों के पास कई अन्य साधन व तरीके हैं। जातिवादी व्यवस्था, जो जागीरदारी युग की उपज कही जा सकती है, सरमायदारी ढांचे में भी आम लोगों की मानसिकता को बड़े स्तर पर प्रभावित करती है। समय तथा ठोस अनुभवों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जातिवादी भेदभाव का मसला पूंजीवादी विकास के दौरान भी खत्म नहीं होता, बेशक सैद्धांतिक रूप में पहले–पहल ऐसा समझ लिया गया था। इस अमानवीय व्यवहार से उपजी गंदी सोच के खिलाफ, बल्कि इससे भी आगे, समाजवादी ढांचे में भी लंबे दौर की समझौता रहित राजसी तथा वैचारिक लड़ाई लडनी पड़ेगी।

जातिवादी व्यवस्था में केवल तथाकथित ऊंची जातियों से संबंधित लोगों की मानसिकता ही पीड़ितों (कथित नीची जातियों के लोग) का उत्पीडन नहीं करती बल्कि यह इस सामाजिक बुराई के शिकार लोगों में भी जात–पात आधारित विभाजन को और भी गहरा करती है। एक पिछड़ी तथा अछूत समझी जाती जाति के लोग उसी उत्पीडन का शिकार किसी दूसरी जाति के अपने ही भाइयों से दुश्मनी भरा व्यवहार धारण कर लेते हैं। इसलिए आरक्षण के मुद्दे पर विभिन्न पीड़ित जातियों के लोगों में अनेकों वाद–विवाद तथा मतभेद खड़े हो जाते हैं। यह भी याद रखने योग्य है कि जातिवादी सोच, कथित नीची तथा अछूत समझी जाती जातियों के मेहनतकश लोगों के उच्च जातियों से संबंधित मजदूरों के प्रति जमाती मित्रता वाला व्यवहार अपनाने के रास्ते में रुकावट बन जाती है तथा समस्त मजदूर वर्ग के असली गुनाहगार इस विभाजन का पूरा–पूरा लाभ लेकर अपने हितों को बढ़ावा देना जारी रखते हैं।

भारतीय राजनीति में वर्तमान लोकसभा चुनावों में सत्ता की दावेदारी का मुद्दा दो राजनीतिक दलों में प्रतिष्ठा का कारण बन चुका है। भाजपा की अगुवाई में राजग सभी लोकतांत्रिक व संवैधानिक मर्यादाओं को छींके पर टांग कर देश को एक धर्म आधारित, गैर–लोकतांत्रिक, तानाशाही वाले राजनीतिक ढांचे में परिवर्तित करने के लिए पूरी तरह बाजिद है। दूसरी ओर 'इंडिया' गठजोड़ देश में धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक तथा संघीय उसूलों पर पहरा देते हुए देश के संविधान की मजबूती के लिए खड़ा नजर आ रहा है। मोटे तौर पर यह जंग देश में 1947 में स्थापित हुई जम्हूरियत (सरमायदारी किस्म की) को कायम रखने तथा इसकी जगह हिटलरी तर्ज का धर्म आधारित कट्टर साम्प्रदायिक–फासीवादी राज स्थापित करने के चाहवान दो राजनीतिक गुटों के बीच लड़ी जा रही है।

दोनों गठजोड़ बेशक जमाती नजरिए से तो एक–दूसरे से बिल्कुल भिन्न नहीं हैं परंतु देश के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष तथा संघीय ढांचे की रक्षा के मुद्दे पर एक–दूसरे के अत्यंत विरोधी ध्रुवों पर खड़े हैं। एक समान जमाती हितों के पैरोकार राजसी पक्षों में सत्ता पर कब्जे की लड़ाई कितनी मुश्किल तथा खतरों से भरपूर है, इसका अनुमान भाजपा सरकार द्वारा ई.डी., सी.बी.आई., इंकम टैक्स जैसी एजैंसियों की विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ खुला दुरुपयोग किए जाने तथा चुनाव आयोग द्वारा निष्पक्ष चुनाव करवाने की जिम्मेदारी को तिलांजलि देते हुए शासक वर्ग की एकतरफा हिमायत करने से साफ लग जाता है।

देश की प्रमुख वामपंथी धारा ने भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठजोड़ के विरुद्ध 'इंडिया गठजोड़' के हक में उतरने का फैसला संविधान की रक्षा के लिए, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष तथा संघीय कद्रों कीमतों की मजबूती के लिए तथा बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों के मालिक लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए ही लिया है। बिना शक आज के इस पैंतरे से सामाजिक बदलाव की भविष्य की लड़ाई को भी बल मिलेगा।

# स्वस्थ जीवनशैली से बढ़ेगी उम्र




**–मुकुल व्यास–**

स्वस्थ जीवनशैली उम्र पर आनुवंशिकी के प्रभाव को 60 प्रतिशत से अधिक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल और जोड़ सकती है। यह बात अच्छी तरह से स्थापित है कि कुछ लोगों में आनुवंशिक कारणों से कम जीवनकाल की प्रवृत्ति होती है। यह भी सर्वविदित है कि जीवनशैली से जुड़ी कुछ बातें, विशेष रूप से धूम्रपान, शराब का सेवन, आहार और शारीरिक गतिविधि, दीर्घायु पर प्रभाव डाल सकती हैं। अभी तक यह समझने के लिए कोई जांच नहीं हुई थी कि एक स्वस्थ जीवनशैली आनुवंशिकी को किस हद तक संतुलित कर सकती है। लेकिन अब कई–कई दीर्घकालिक अध्ययनों के निष्कर्ष सामने आए हैं जिससे पता चलता है कि एक स्वस्थ जीवनशैली जीवन को छोटा करने वाले जीन के प्रभावों को 62 प्रतिशत तक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल तक बढ़ा सकती है। दरअसल, इन अध्ययनों के परिणाम बीएमजे एविडेंस–बेस्ड मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अध्ययन जीवनकाल पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम करने में स्वस्थ जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उनका यह भी मानना है कि जीवनशैली में सुधार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक के रूप में काम कर सकती हैं। मानव जीवन पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम कर सकती हैं।

एक अध्ययन में यूके बायोबैंक में 353,742 लोगों को शामिल किया गया। इस अध्ययन से पता चला कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों में कम आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों की तुलना में समय से पहले मृत्यु का खतरा 21 प्रतिशत अधिक होता है, भले ही उनकी जीवनशैली कुछ भी हो। इस बीच, चीन में झेजियांग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और एडिनबरा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली वाले लोगों में जल्दी मौत की संभावना 78 प्रतिशत बढ़ जाती है, भले ही आनुवंशिक जोखिम जो भी हो। अध्ययन में कहा गया है कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और कम जीवनकाल के जीन वाले लोगों में भाग्यशाली जीनों और स्वस्थ जीवनशैली वाले लोगों की तुलना में समय पूर्व मौत का खतरा दोगुना हो जाता है।

हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि कम उम्र या समय से पहले मौत के आनुवंशिक जोखिम को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर लगभग 62 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उनका कहना है कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोग स्वस्थ जीवनशैली के साथ 40 वर्ष की आयु में लगभग 5.22 वर्ष की जीवन प्रत्याशा बढ़ा सकते हैं। लंबे जीवन के लिए आदर्श जीवनशैली में धूम्रपान न करना, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद और स्वस्थ आहार शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में औसतन 13 वर्षों तक लोगों का अनुसरण करने के बाद अपने निष्कर्ष निकाले हैं। विश्व कैंसर अनुसंधान कोष में स्वास्थ्य सूचना और प्रचार प्रबंधक मैट लैम्बर्ट ने कहा कि इस नए शोध से पता चलता है कि आनुवंशिक कारकों के बावजूद स्वस्थ जीवनशैली जीने से हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है।

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि व्यायाम के कारण शरीर के भीतर होने वाली प्रतिक्रिया कहीं ज्यादा जटिल और दूरगामी होती है। अमेरिका के वैज्ञानिकों के नए अध्ययन में पता लगाया है कि शारीरिक गतिविधियों के कारण जानवरों के सभी 19 अंगों में कई तरह के कोशिकीय और आणविक परिवर्तन होते हैं। व्यायाम कई बीमारियों के खतरे को कम करता है, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि व्यायाम शरीर को आणविक स्तर पर कैसे बदलता है। अधिकांश पिछले अध्ययनों ने एक ही अंग या लिंग पर ध्यान केंद्रित किया और इनमें सिर्फ एक या दो तरह के डेटा शामिल किए किए।

व्यायाम के जीव विज्ञान पर अधिक व्यापक नजर डालने के लिए अमेरिका के मॉलिक्यूलर ट्रांसड्यूसर ऑफ फिजिकल एक्टिविटी कंसोर्टियम के वैज्ञानिकों ने चूहों में शारीरिक गतिविधि से होने वाले आणविक परिवर्तनों का विश्लेषण करने के लिए प्रयोगशाला में तकनीकों की एक शृंखला का उपयोग किया। ये चूहे कई हफ्तों तक गहन व्यायाम के दौर से गुजरे थे। वैज्ञानिकों के दल ने जानवरों के हृदय, मस्तिष्क और फेफड़ों जैसे अंगों के ऊतकों की एक शृंखला का अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि प्रत्येक अंग व्यायाम के साथ बदलाव देखा गया। इससे शरीर को प्रतिरक्षा प्रणाली को विनियमित करने और तनाव का जवाब देने में मदद मिली।

# चचेरी बहन से करना चाहता था दूसरा निकाह, विरोध करने पर पिता को सिलबट्टे से मार डाला



**संवाददाता—गोण्डा।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के राजापुर अयोध्यापुरवा के रहने वाले बुजुर्ग किसान सरफराज की हत्या उनके बेटे ने ही सिलबट्टे से वारकर की थी। बेटा रिजवान अपने चाचा की बेटी से निकाह करना चाहता था, वह पहले से शादीशुदा था। इसलिए उसके पिता इस शादी का विरोध कर रहे थे। वारदात की रात शादी की बात को लेकर पिता—पुत्र में झगड़ा होने लगा। पिता के विरोध से गुस्साए रिजवान खून का रिश्ता भूल गया और पिता की सिलबट्टे से वारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया है। पुलिस ने रक्तरंजित सिलबट्टा बरामद किया है। गांव के बुजुर्ग किसान सरफराज (70) पर शनिवार की रात हमला किया गया था। उन्हें मरणासन्न हालत में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बेटे रिजवान ने अपने चाचा अजमतउल्लाह समेत तीन लोगों पर पिता की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सरफराज की पत्नी अक्लीमुन्निशा और परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की गई तो पता चला कि रिजवान पहले से शादीशुदा था, इसके बावजूद वह अपने चाचा अजमतउल्लाह की बेटी से निकाह करना चाहता था। मगर रिजवान के पिता सरफराज इसका विरोध कर रहे थे। इससे पिता पुत्र में अक्सर झगड़ा होता था। वारदात की रात भी रिजवान अपने पिता सरफराज के पास पहुंचा और हर हाल में चाचा की बेटी से निकाह करने पर अड़ा था। पिता ने विरोध किया तो दोनों की बीच झगड़ा होने लगा। गुस्साए रिजवान ने सिलबट्टा से वारकर पिता को मरणासन्न कर दिया था। सरफराज को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद अजमतउल्ला को फंसाने के इरादे से पुलिस को गुमराह करता रहा। परिवार वालों से पूछताछ के बाद पुलिस ने रिजवान को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बताया कि उसके वालिद चचेरी बहन से होने वाले निकाह का विरोध कर रहे थे। शनिवार की रात उनसे झगड़ा हुआ था। सिलबट्टे से वारकर उनकी हत्या कर दी और आलाकत्ल घर में ही छिपा दिया। एसपी ने बताया कि रिजवान की निशानदेही पर सिलबट्टा बरामद कर लिया गया है।

# गैस लीकेज से लगी आग में तीन घर राख, चाचा—भतीजी झुलसे

**संवाददाता—श्रावस्ती।** गैस चूल्हे पर खाना बनाते समय पाइप में लीकेज होने से आग लग गई। देखते ही देखते दो घर जलकर राख हो गए वहीं आग की चपेट में आकर चाचा व भतीजी गंभीररूप से झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें ट्रामा सेन्टर बहराइच रेफर कर दिया गया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कथरामाफी के मजरा सलारू पुरवा गांव में रविवार रात चन्द्रिका प्रसाद पुत्र तीरथ राम की पत्नी चंद्रावती घर में गैस चूल्हे पर भोजन बना रही थी। इस दौरान चूल्हे से जुड़े गैस पाइप में लीकेज था और पाइप से गैस का रिसाव हो रहा था। जिससे अचानक पाइप में आग लग गई। गैस के कारण ऊंची ऊंची लपटें निकलने लगी और आग ने खपरैल मकान को पकड़ लिया तथा मकान धूं धूं कर जलने लगा। आग की चपेट में आने से पास में ही सो रही छह वर्षीय बालिका नैन्शी पुत्री विजय राज यादव व चन्द्रिका प्रसाद गंभीररूप से झुलस गए। लोगों की ओर से आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। इस पर फायर यूनिट से पहुंचे चालक शत्रुघन यादव व फायर मैन दीपक अवस्थी, संजय कुमार ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक चन्द्रिका के साथ ही बगल के दो अन्य घर भी जलकर राख हो गए। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे मल्हीपुर थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा ने एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर भिजवाया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया।

# भाजपा विधायक की फोटो लगाकर की सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता—गोण्डा।** शातिर जालसाजों ने पहले श्तरबगंज की आवाजश के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय की कवर में फोटो लगाकर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील भी कर दी। आरोप है कि कई भड़काऊ पोस्ट भी किए गए हैं। तरबगंज पुलिस ने इस मामले में विधायक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है। जिले में आगामी 20 मई को लोकसभा की गोंडा व कैसरगंज सीटों पर मतदान होना है। ऐसे में चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशी सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच तरबगंज विधायक ने गंभीर आरोपों में पुलिस से शिकायत की है। विधायक प्रेमनरायन पांडेय का आरोप है कि अज्ञात शातिरों ने फेसबुक अकाउंट पर श्तरबगंज की आवाजश के नाम से प्रोफाइल बनाया। इसके बाद उनकी फोटो का इस्तेमाल कर सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र के पक्ष में मतदान की अपील की है। सोशल मीडिया अकाउंट पर सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र की फोटो भी लगाई गई है। आरोप है कि कई भड़काऊ पोस्ट भी किए गए हैं। अज्ञात आरोपियों की ओर से भाजपा विधायक की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में विधायक ने थाने पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि विधायक की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ जालसाजी, झूठा प्रचार करने व आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय का आरोप है कि उनकी व पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

तरबगंज की आवाज के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट के जरिए कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र के पक्ष में वोट करने की अपील करने मामले में विधायक तरबगंज प्रेमनरायन पांडेय ने सफाई दी है। विधायक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है...श्तरबगंज की आवाजश के नाम से मुझे व भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करने के लिए भ्रामक पोस्ट करने का मामला संज्ञान में आने पर थाना तरबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी व प्रिय भतीजे करण भूषण को प्रचंड मतों से कमल खिलाकर विजयी बनाएं।

# दसवीं में सिद्धिता सिंह व बारहवीं में अनुष्का गुप्ता ने दिखाई मेधा

**संवाददाता—बलरामपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेधावी खुशी से झूम उठे। इस बार सीबीएससी हाई स्कूल में जहां सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सिद्धिता सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। वहीं बारहवीं में जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा अनुष्का गुप्ता ने 95.6 प्रतिशत अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिले में ओवरऑल हाई स्कूल में टॉप फाइव में जहां सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रहा वही इंटर मीडियट में जवाहर नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय व सेंट जेवियर्स के साथ पायनियर पब्लिक स्कूल का दबदबा होने का दावा किया जा रहा है। सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में सेंट जेवियर एवं जवाहर नवोदय विद्यालय का दबदबा कायम रहा है। सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से इंटर के जवाहर नवोदय की अनुष्का गुप्ता जेएनवी 95.6, अंश गुप्ता केन्द्रीय विद्यालय 94.6, त्रिषा जैन सेंट जेवियर 94.6, प्रज्ञा सिंह सेंट जेवियर 94.2, शौर्यवीर शुक्ल सेंट जेवियर 92.6, हर्षिता मिश्रा केन्द्रीय विद्यालय 92.6, आकांक्षा मिश्रा केन्द्रीय विद्यालय 92.2, नेहा जेएनवी 92, प्रियांशी तिवारी जेएनवी 91.6 व आंसरा हसन सेंट जेवियर के 91.0 प्रतिशत अंक हासिल कर मान बढ़ाया है। इसी तरह हाई स्कूल में सिद्धिता सिंह सेंट जेवियर 98.4, अंश अलंकार केवी 97.2, साइना सेंट जेवियर 97.2, हिमेश पटेल सेंट जेवियर 97, अदिति सोनी सेंट जेवियर 96.8, अनामिका सेंट जेवियर 96.8, सिद्धांत पाण्डेय सेंट जेवियर 96.8, अंशिका सेंट जेवियर 96.4, आयुषी पाण्डेय सेंट जेवियर 96.4 व प्रतीक सिंह सेंट जेवियर 96.2 प्रतिशत अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जहां मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं उनके अरमानों के पंख को भी उड़ान भरने का अवसर मिला है। सेंट जेवियर हाई स्कूल की छात्रा सिद्धिता सिंह कुशल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता—पिता व परिवार सहित विद्यालय प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को दिया है। उनका कहना है कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती है। कड़ी मेहनत निश्चय ही लक्ष्य को हासिल करने का अवसर देती है। टॉप टेन में द्वितीय स्थान पर शामिल केन्द्रीय विद्यालय के छात्र अंश अलंकार ने आईएएस बनकर जिले एवं देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि जिस तरह हाई स्कूल का लक्ष्य हासिल किया है, उसी तरह से इंटर का लक्ष्य हासिल कर सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी की जाएगी। उन्होंने सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व कुशल प्रबंधन के लिए प्रबंध तंत्र एवं माता—पिता को दिया है। वहीं टॉपर के तीसरे स्थान सेंट जेवियर की साइना की मानें तो वह एमबीबीएस परीक्षा पास कर कुशल डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती हैं।

सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा अनुष्का गुप्ता ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। वह सिविल सर्विसेस की तैयार कर आईएएस बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहती हैं। इस सफलता का श्रेय पिता संदीप गुप्ता एवं माता मधुलिका गुप्ता सहित विद्यालय शिक्षकों को दिया है। कम से कम आठ घंटे नियमित रूप से पढ़ाई करने के लिए अपने साथियों से अपील किया है। जिले में दूसरे स्थान रही प्रज्ञा सिंह व शौर्यवीर शुक्ला सिविल सर्विस की तैयार कर आईएस बनना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता—पिता व शिक्षकों को दिया है। इसी तरह जिले में तीसरे स्थान पर रही अंशरा हसन मेडिकल के क्षेत्र में सफलता हासिल कर समाज सेवा करना चाहती हैं।

जिले में सीबीएससी बोर्ड परीक्षा का परिणाम लगभग शत प्रतिशत रहा है। जनपद में सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल आशिम रूमी एवं प्रबंधक सुयस कुमार आनंद ने परीक्षा परिणाम को बच्चों के अनुकूल बताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से छात्रों की तैयारी रही है उसके अनुरूप उन्हें अंक मिले हैं। उन्होंने सभी छात्रों को मेहनत कर आगे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रधानाचार्य गीता मिश्रा एवं केन्द्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह तथा पायनियर पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. एमपी तिवारी ने कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम बच्चों के अनुकूल हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्य हासिल करने के लिए हमेंशा प्रेरित किया है। साथ ही उन बच्चों को भी प्रेरित किया जो किसी कारण बस टॉपर सूची में शामिल नहीं हो सके, उन्हें आगे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। वहीं एमजे एक्टिविटी इंटर कॉलेज प्रिंसिपल हिमांशु धर द्विवेदी एवं प्रबंधक समीर रिजवी ने कहा कि इस बार बोर्ड परीक्षा में जिस तरह से बच्चों की तैयारी हुई थी उसी के अनुरूप उनको अंक मिले हैं। बच्चों की मेहनत रंग लाई है। उन्होंने सभी बच्चों को आगे का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। आदिशक्ति मां पाटेश्वरी इंटर कॉलेज तुलसीपुर के प्रिंसिपल डा. डीपी सिंह ने संयुक्त रूप से सभी मेधावियों को बधाई देते हुए सफल छात्रों को उनसे सीख लेते हुए लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही परीक्षा परिणाम में कम अथवा अधिक अंक पाने के मामले को लेकर चिंतित न होते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अपने अंतिम पड़ाव मखौड़ा धाम पहुंचने वाली है 84 कोसी परिक्रमा



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। श्रीसदगुरू कृपा मंडल के तत्वाधान में आयोजित अयोध्याधाम 84 कोसी परिक्रमा में जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष संग परिक्रमार्थियों का जत्था आगे बढ़ता हुआ चला जा रहा है। आस्था की डगर पर हजारों परिक्रमार्थियों के कदम बढ़ चले थे और धीरे—धीरे वह अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ते हुए मखौड़ा धाम पर पहुंचने वाले हैं।श्रीसदगुरू कृपा मंडल अयोध्याधाम चौरासीकोसी परिक्रमा के संचालक स्वामी गयाशरण महाराज ने कहा कि अयोध्या धाम का कण कण पूज्य है। चौरासी कोस की परिक्रमा हमारी आस्था, श्रद्धा व भक्ति को समाहित कर समाज को एक सूत्र में बांधने का माध्यम है। चौरासी कोस की परिक्रमा से भक्तों का जीवन धन्य हो उठता है। लाखों वर्ष की प्राचीन परंपराओं को जीवंत करने वाले भक्तों की समर्पण और भक्ति को सदा नमन है। परिक्रमा में दिख रहा उत्साह भक्ति हमें पूर्वजों के संकल्प की सिद्धि को जीवंत रखने की प्रेरणा देता है। उत्साह और उमंग से यह परिक्रमा निकल रही है, जिसमें प्रतिवर्ष भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि अनंत काल से चली आ रही चौरासी कोसी परिक्रमा जीवन के कष्टों व्याधियों से मुक्त करा प्रभु चरणों में समर्पित होने का माध्यम है। वैशाख शुक्ल सप्तमी 14 मई को परिक्रमा पुनरू मखौड़ा धाम पहुंचेगी। उसके बाद जानकी नवमी की पूर्व संध्या पर चौरासी कोसी परिक्रमा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगी। जहां जानकी नवमी के दिन सुबह रामकोट परिक्रमा, रामार्चा पूजन व संतों के भंडारे संग परिक्रमा का समापन हो जायेगा। इस दौरान संत रामभूषण दास, शत्रुघ्न सिन्हा, फौजी रामसेवक दास, संत रघुनाथ दास त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कोटे की दुकानों से आज से बंटेगा अनाज

**संवाददाता—गोण्डा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कोटे की दुकानों से मई माह में राशन मंगलवार से बंटेगा। गरीबों को इस माह में 29 मई तक राशन मिलेगा। आयुक्त, खाद्य एवं रसद की ओर से जारी फरमान के मुताबिक अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल कुल मिलाकर 35 किलोग्राम राशन दिया जाना है। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहं व तीन किग्रा चावल कुल मिलाकर पांच किग्रा राशन निशुल्क बांटा जाएगा। उचित दर विक्रेताओं कोटे की दुकानें इस दौरान रोजाना सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक खुली रहेंगी। नोडल अधिकारी इन कोटे की दुकानों पर व्यक्तिगत रुप से मौजूद रहकर राशन का वितरण कराएंगे। डीएम नेहा शर्मा की ओर से इसके लिये कड़े फरमान जारी किए गए हैं। प्रत्येक नौ—दस दुकानों पर ब्लाक, तहसील व जिला स्तरीय अधिकारियों को नियत तिथियों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए भ्रमणशील रहते हुए राशन का वितरण कराएं।

# चार सौ पार का लक्ष्य होगा पूरा —पंडित कल्किराम



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या।धर्म नगरी श्री अयोध्या में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदीजी के निमित्त वर्ष 2014 से चल रहे धार्मिक महानुष्ठान की सफलता हेतु दैवीय प्रेरणा से मेंहदीपुर बालाजी सरकार और एक अन्य महत्वपूर्ण सिद्ध स्थली का दर्शन पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त कर श्री अयोध्या जी पहुंचकर पौराणिक महत्त्व के सिद्ध श्री टेढ़ीयतिश्वरनाथ महादेवजी का पंचामृत अभिषेक कर पुनः यज्ञाहुती का शुभारम्भ किया गया विदित हो कि प्रधानमन्त्री मोदीजी के निमित्त चल रहे महायज्ञ में लगातार दी जा रही आहुति से दाहिने हाथ की कलाई की नसों में हुए खिंचाव की असहनीय पीड़ा भी बनी हुई है चिकित्सकों ने आराम करने की सलाह दी है इसके बावजूद भी अनुष्ठान का कर्म कहीं से भी प्रभावित नही है।जानकारी देते हुए अनुष्ठान कर रहे रामादल ट्रस्ट अध्यक्ष पण्डित कल्कि राम ने बताया की वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सनातन समाज की एकजुटता का प्रदर्शन पुरी दुनिया में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा और अक्षय तृतीया 2023में अबकिबार400पार का उदघोष करते हुए बगला ब्रह्मास्त्र महायज्ञ का श्रीगणेश किया गया था आज वही उदघोष पूरे देश में गुंजायमान है जिसके चरितार्थ होने का समय आ चुका है। आलस्य का परित्याग कर सनातनी भाई बहनों को चाहिए कि भावी पीढ़ी के स्वर्णिम सुरक्षित भविष्य के प्रयासों को सशक्त बनाने हेतु आपसी मतभेद दरकिनार कर ऐतिहासिक एकजुटता के साथ मतदान करें। देश के विभिन्न राज्यों में रामादल परिवार के सदस्य अपने अभियान पर पूरी जिम्मेदारी के साथ जुटे हुए हैं। तीसरी बार प्रधानमन्त्री पद की शपथ लेने के बाद रामादल ट्रस्ट धर्म नगरी में दुनिया के पहले स्वर्ण निर्मित शिवलिंग की स्थापना के मिशन पर अग्रसर होगा।

# नवाबगंज में विवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान

**संवाददाता—गोण्डा।** थानाक्षेत्र के साकीपुर गांव में सोमवार की सुबह एक विवाहिता ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

साकीपुर गांव के लाल मोहम्मद उर्फ लल्लू की पत्नी शमा (23) का शव उसके कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। घटना के समय घर पर कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। घर से थोड़ी दूर पर पति ने गेहूं पीसने की चक्की लगा रखी है। सास—ससुर समेत पूरा परिवार वहीं रहते हैं। पति भी वहीं था। सास किसी काम से घर में आई तो बहू को दुपट्टे से झूलते देखा। उसने परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी। सबके आते ही घर में चीख पुकार मच गयी। मृतका की एक डेढ़ वर्ष की बच्ची भी है। घटना के सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने दामाद व उनके पूरे परिवार के विरूद्ध पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते पति , सास ससुर और ननदो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही सभी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। मनकापुर के देवियापारा निवासी मृतका के पिता समसुद्दीन ने बताया कि उनके छह बेटियां हैं। चौथी बेटी शमा का विवाह उन्होंने पांच दिसम्बर 2021 में लाल मोहम्मद के साथ किया था। शादी के बाद से दहेज की मांग को लेकर पति व उसकी बहनें आए दिन उसे परेशान किया करते थे। इससे आजिज आकर उनकी बेटी ने आत्महत्या कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया की मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना सीओ तरबगंज करेंगे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ठाकुर राम जानकी का प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। श्री राम नगरी के मां सरयू के तट पर स्थित स्वर्गद्वार मोहल्ले के नया मंदिर शीश महल के ठाकुर श्री राम जानकी जू सरकार का 33वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामलोचन शरण राजन बाबा के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्रह्म मुहूर्त में ठाकुर जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया नवीन वस्त्र धारण कराकर विधिवत श्रृंगार किया गया वैदिक विद्वानों द्वारा ठाकुर जी की स्तुति कर आरती उतारी गई। ठाकुर जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर नया मंदिर शीश महल में अयोध्या के संत महंत भी इस अवसर पर उपस्थित रहे सभी ने ठाकुर जी की अस्तुति की और प्रसाद पाया। राजन बाबा ने बताया कि यह बहुत ही पुराना स्थान है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वैशाख शुक्ल षष्ठी तिथि पर मंदिर में विराजमान भगवान श्रीसीताराम का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी तिथि पर मठ में भगवान की प्राण—प्रतिष्ठा हुई थी। तब से प्रति वर्ष ठाकुरजी का पाटोत्सव मनाया जा रहा है। उसी परिप्रेक्ष्य में इस बार भी वर्षगांठ महोत्सव मना, जिसमें रामनगरी के सभी संत—महंत सम्मिलित हुए। साथ ही भगवान के पाटोत्सव का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीरामवल्लभाकुंज अधिकारी स्वामी राजकुमार दास, जगद्गुरु परमहंसाचार्य, खाकचौक श्रीमहंत बृजमोहन दास, रामहर्षण कुंज के महंत अयोध्या दास, जानकीकुंज महंत वीरेंद्र दास, महंत प्रियाप्रीतम शरण, महंत प्रियाशरण, महंत राकेश शरण, महंत रामप्रिया शरण, महंत रामप्रवेश दास, महंत लड्डू दास, नागा रामलखन दास, महंत किशोरी शरण, महंत राममिलन दास, महंत गिरीश दास, महंत अवनीश दास, महंत रामनारायण दास, महंत अर्जुन दास, महंत अंजनी शरण, महंत सियाराम शरण, महंत अर्जुन दास, महंत रामानुज शरण, महंत पवनकुमार दास, महंत हरिचरण दास शास्त्री, महंत उत्तम दास, विद्याभूषण शरण, अंबरीश शरण, सुमित शरण, हिंदूमहासभा राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय, हिंदूवादी नेता संतोष दूबे, रविशंकर पांडेय, चंद्रहास दीक्षित समेत मंदिर के शिष्य—परिकर, अनुयायी उपस्थित रहे।

# रेलवे कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में चोरों ने मचाया उत्पात, की तोड़फोड़




**संवाददाता—देवरिया।** नगर के उत्तरी रेलवे कॉलोनी स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में रविवार की रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया है। प्रतिमाओं में लगे जेवरात आदि चोरी करने के बाद विग्रह को भी खंडित कर दिया। चोरों के उत्पात से लोगों में काफी आक्रोश है। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। नगर के उत्तरी रेलवे कॉलोनी में दुर्गा मंदिर स्थित है। यहां रहने वाले आस पास के लोग जय मां दुर्गा सेवा समिति बनाकर यहां की देखरेख करते हैं। हरिकीर्तन मुहल्ला स्थित अंकित पाण्डेय का परिवार पूजा पाठ करता है। रविवार की सुबह पूजा के लिए मंदिर का शटर खोलने पर क्षत विक्षत प्रतिमाओं को देखकर पुजारी ने घटना की सूचना आस पास के लोगों को दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि मंदिर में स्थापित दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, शेर, धनुष, त्रिशूल आदि प्रतिमाओं को तोड़ दिया गया था। दान पेटी तोड़कर भी चोर पैसा लेकर फरार हो गए थे। पीछे के दरवाजे से ताला तोड़कर अन्दर घुसे चोरों ने पूरे मंदिर में जमकर उत्पात मचाया । चोरों ने प्रतिमाओं को पहनाये गए सभी जेवरात पर भी हाथ साफ कर दिया है। हालांकि समिति के अनुसार कोई भी जेवरात सोने चांदी के नहीं थे। उपद्रवियों की ओर से किए गए इस घटना से क्षेत्रीयजनों में काफी आक्रोश है। नाराज श्रद्धालुओं ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। क्षेत्रीय जनों का आरोप है कि स्थानीय माहौल को बिगाड़ने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता—बलरामपुर।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर पिता ने दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। विवाहिता के पति, सास, ससुर, जेठ व जेठानी सहित छह लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री को दहेज के लिए ससुरालीजन लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि सोमवार सुबह पांच बजे उसकी हत्या कर शव को छत के कुंडे से लटका दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रेहरा बाजार निवासी विनय कुमार ने बताया कि उनकी पुत्री अंकिता गुप्ता का विवाह वर्ष 2021 में गैंड़ास बुजुर्ग के महुआ बाजार निवासी शिवम कुमार गुप्ता पुत्र रामरूप गुप्ता के साथ किया था। ससुरालीजन आए दिन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि उसे दहेज को लेकर मारा—पीटा गया। ससुरालीजन उसे लाकर माइके छोड़ गए थे। एक साल तक अंकिता अपने घर रही। किसी तरह समझौता करके अंकिता को उसके ससुराल भेजा गया था। ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। वह उसे दहेज के लिए बार—बार प्रताड़ित कर रहे थे। अंकिता ने इस बीच कई बार फोन करके प्रताड़ना की सूचना माइके वालों को दी थी। आरोप है कि सोमवार सुबह पांच बजे पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी, देवर ने मिलकर अंकिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे से लटका दिया। ससुरालीजनों ने विनय कुमार पुत्री के मौत की सूचना नहीं थी। पड़ोसियों ने अंकिता के मौत की जानकारी विनय कुमार को दी। वह अंकिता के ससुराल पहुंचे तो उसकी लाश मिली। दिखावे के लिए ससुरालीजन दहाड़े मारकर रो रहे थे। विनय कुमार ने थाने पर सम्पर्क कर प्रार्थना—पत्र दिया, जिस पर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन कर रही है। फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। विनय कुमार का कहना है कि अंकिता के पति व अन्य परिवारीजनों ने उसके छह माह के बेटे पर भी रहम नहीं किया। अंकिता को एक छह माह का बेटा है, जिसे लोग बाबू कहते हैं। विनय कुमार बोले कि पड़ोसियों ने बताया है कि बाबू उस समय गहरी नींद में सोया था। लोगों ने अंकिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में उसे फांसी के फंदे से लटका दिया। विनय के मुताबिक अंकिता शिक्षित व सुलझे मानसिकता की थी। उसने कभी अपने घर पर किसी से कोई झगड़ा—लड़ाई नहीं की थी। आरोप है कि उसे दहेज के लिए मारा गया है। घटना के बाद अंकिता के पिता विनय कुमार व मां का रो—रोकर बुरा हाल है। विनय कुमार का कहना है कि बेटियां बेटों से कई मामलों में अच्छी होती हैं, लेकिन इसी दिन के लिए हर पिता डरता है। उसकी बेटी अंकिता झगड़ालू नहीं थी। शिवम उसे अक्सर गालियां देता था। सभी ने मिलकर सोमवार सुबह उसकी जान ले ली। अंकिता की मां रह—रहकर बेहोश हो जाती है। विनय की आंखों के आंसू सूख चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही।

